RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 उर्वशी ने शाहरुख से की अपनी तुलना...

वर्ष : 27 | अंक : 117 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# भारत के ज्ञान व समृद्ध संस्कृति को मिली वैश्विक मान्यता : मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया। इसे लेकर पीएम मोदी ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, ये दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है।

यूनेस्को द्वारा गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में कुल 74 नई एंट्री की गईं, जिससे कुल अभिलेखित संग्रहों की संख्या 570 हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दोनों धर्मग्रंथों को शामिल करना सदाबहार ज्ञान और समृद्ध



संस्कृति की वैश्विक मान्यता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है! यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना हमारे ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। शेखावत के अनुसार, गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करने के साथ ही अब यूनेस्को के रजिस्टर में कुल 14 अभिलेख हो गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा- ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। वे दार्शनिक और सौंदर्यवादी आधार हैं, जिन्होंने भारत के विश्व दृष्टिकोण और हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को आकार दिया है। यूनेस्को के अनुसार, नव-अंकित संग्रहों में से 14 संग्रह वैज्ञानिक दस्तावेजी विरासत से संबंधित हैं, इसके अतिरिक्त दासता की स्मृति से संबंधित संग्रह और प्रमुख ऐतिहासिक महिलाओं से संबंधित अभिलेख भी हैं।

## एक्सप्रेसवे पर 4 वाहन आपस में टकराए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित चरखा गोलचक्कर के पास आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में चार वाहन आपस में टकरा गए, जिससे मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। हालांकि, किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवाने की प्रक्रिया शुरू की। कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक धीमा हो गया, लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और ट्रैफिक सामान्य कर दिया।





### डंपर ने कार में मारी टक्कर

उधर गौर सिटी माल के पास एक डंपर ने कार को साइड से टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार परिवार बाल-बाल बच गया। यह परिवार किसी परिजन की मौत पर उसके घर शोक व्यक्त करने जा रहा था। पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया हे।

## अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के पास सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव में रहने वाले सीताराम यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 अप्रैल की दोपहर को उनके बड़े भाई लालचंद यादव सेक्टर 15 मेट्रो स्टेशन के पास पैदल सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उन्हें गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सीताराम यादव ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## दहेज में 21 लाख व ऑडी कार मांगने पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 24 में एक महिला ने अपने पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले उस पर मायके से दहेज में ऑडी कार व 21 लाख रुपए लाने का दबाव बना रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विमला काल्पनिक नाम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी ग्राम याकूबपुर निवासी ललित के साथ हुई थी। शादी के समय उसके परिजनों ने एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, 21 लाख रुपए नगद, घर का सारा सामान व गहने आदि दिए थे। इसके बावजूद भी शादी में दिए गए दहेज से उसका पति ललित, सास विमलेश, ससुर उदय चंद खुश नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही उस पर (शेष पृष्ठ-3 पर)




## मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार

### चोरी की बाइक, तमंचा, दो मोबाइल व नकदी बरामद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-1 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर बाइक चोर और मोबाइल स्नेचर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस, चोरी के दो मोबाइल फोन और एक चोरी की बाइक बरामद की गई है।

नोएडा जोन के एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर-15ए के पीछे गंदे नाले की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर-16 की तरफ से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने





का इशारा किया, लेकिन वह बाइक मोड़कर नाले की ओर भागने लगा।

पुलिस टीम ने उसका पीछा किया, इसी दौरान आरोपी की बाइक फिसल कर गिर गई। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूल रहे हैं विवादित शराब ठेके के कर्मचारी

### प्राधिकरण व आबकारी विभाग की सांठगांठ से खोला गया है ठेका





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण तथा आबकारी विभाग की लापरवाही के कारण सेक्टर-5 हरौला बारातघर के पास स्थापित अंग्रेजी शराब का ठेका लोगों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। पहली बात यह ठेका उस विवादित भूखंड पर स्थापित कर दिया गया है जिसका मामला नोएडा प्राधिकरण तथा किसान के बीच अदालत में चल रहा है। इस मुदद्दे पर अभी तक नोएडा प्राधिकरण ने न तो कोई अनुमति दी है और न ही कोई कार्यवाही की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### क्या कहते हैं सीईओ

इस बाबत जानकारी देने पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने जानकारी दी है कि यह मामला जिला प्रशासन के पास जांच व कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। लेकिन यह मामला सीधे तौर पर प्राधिकरण से जुड़ा है पर प्राधिकरण के अधीनस्थ कर्मचारी कार्यवाही करने के बजाए आबकारी विभाग पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

## किशोरी व किशोर लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान से एक किशोरी व किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शहदरा गांव में रहने वाली रिजवाना काल्पनिक नाम ने थाना सेक्टर 142 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। 10 अप्रैल की सुबह वह घर से काम पर चली गई। कुछ देर बाद उसकी छोटी बेटी ने फोन कर बताया कि बड़ी दीदी कहीं चली गई है। इसके बाद वह घर पहुंची और अपनी बड़ी बेटी की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। रिश्तेदारी में भी तलाश करने पर किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। रिजवाना ने रामपाल नाम के युवक पर अपनी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक रामपाल ने 15 दिन पहले उसे धमकी दी थी कि वह उसकी बेटी को भगा कर ले जाएगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रामपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मारपीट में तीन घायल, 4 पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के खुर्जा रोड पर बने जिम में कुछ लोगों ने मारपीट की। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना जेवर में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम कानीगढ़ी निवासी प्रवीण चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह खुर्जा रोड कस्बा जेवर में जिम चलाता है। 16 अप्रैल की दोपहर को वह अपने जिम में लड़कों को जिम करा रहा था। उसके केबिन में गांव का ही रहने वाला हिमांशु बैठा हुआ था। इस दौरान आशीष, विनोद, बबलू व अन्य व्यक्ति जबरन केबिन के अंदर घुसकर हिमांशु के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट होता देखकर उसने तथा प्रमोद ने बीच (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गांजा विक्रेता गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस 1 पुलिस ने एक गांजा विक्रेता को गिरफ्तार किया है। इसके पास से सवा किलो गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम हरौला के लेबर चौक के पास चैकिंग कर रही थी। सेक्टर 15 मेट्रो स्टेशन की तरफ से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर सकपका कर वापस मुड़कर जाने लगा।संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को रोका और उसके थैले की तलाशी लिए तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम बादल वेद पुत्र जयवीर निवासी जनपद बागपत बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली से गांजा लाकर नशे के आदी व मजदूरों को छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता है। वह पिछले काफी समय से गांजे की बिक्री में संलिप्त है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया है।

## युवक का फोन छीना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग की एक घटना सामने आई है। अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक का कीमती मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में रहने वाले वैभव अमर पुत्र कुशल चंद्र ने बताया कि वह 16 अप्रैल की रात सेक्टर-78 के महागुन मार्ट से हाइड पार्क सोसाइटी की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने उनका मोबाइल फोन झपट लिया और तेजी से भाग निकले। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# एलीवेटिड रोड व प्राधिकरण के नये भवन का उद्घाटन अगले माह!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि अगले माह एलीवेटिड रोड तथा नोएडा प्राधिकरण के नये प्रशासनिक भवन का निर्माण पूरा होकर उद्घाटन करने की पूरी तैयारी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय लेने की कवायद चल रही है।

सीईओ नोएडा के 50वें स्थापना दिवस पर सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केन्द्र में पत्रकारों को विकास परियोजनाओं तथा अब तक पूर्ण हुए कार्यों की जानकारी दे रहे थे। इस दौरान सभी विभागों के प्रभारियों ने अपने-अपने विभागों की ताजी स्थिति से मीडिया को अवगत कराया।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा। कूड़े कचरे के निस्तारण के लिए ग्रेटर नोएडा के अस्तोली में तीन सौ टन प्रतिदिन के कूड़ा निस्तारण का संयंत्र स्थापित करने के अलावा शहर में आठ और संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। उद्यानिक कचरे के निस्तारण का काम प्राधिकरण स्वयं करेगा।

गांवों की गंदगी से निपटने के लिए 88 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों न मानने वाले बिल्डरों के विरुद्ध रिकवरी (शेष पृष्ठ-3 पर)



### सेक्टर-18 में शीघ्र बनेगा टाइम्स स्क्वायर : आरपी सिंह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि सेक्टर-18 में टाइम्स स्क्वॉयर बनाने की तैयारी तेज हो गई है। आगामी दस दिनों में इसकी नींव रखने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

सेक्टर को और खूबसूरत बनाने के लिए यहां पर टाइम्स स्क्वॉयर बनाने का निर्णय पिछले साल लिया गया था, लेकिन इसकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी। अब इसमें एक कदम आगे बढ़ाते हुए नोएडा प्राधिकरण ने टाइम्स स्क्वॉयर बनाने का काम शुरू करने जा रहा है। यह टाइम्स स्क्वॉयर न्यूयार्क की तर्ज पर बनाया जाएगा। इसमें बड़ी -बड़ी एलईडीर स्क्रीन लगाई जाएंगी। साथ ही पैडिस्ट्रेन होंगे। जिसमें लोग पैदल चल सकेंगे। इसको बनाने में करीब नौ करोड़



96 लाख रुपये का खर्चा आएगा। इसमें वाहन पार्किंग में बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी जिसमें लाइव मैच देख सकेंगे।

टाइम्स स्क्वॉयर में टावरों पर लाइटों के बीच विज्ञापन, लाइव शो, लाइव मैच, फिल्म समेत कई तरह के कार्यक्रम स्क्रीन पर चलाए जाएंगे।

### एम्स इंटरचेंज की तर्ज पर जुडेंगी दो एलिवेटेड : विजय रावल

उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल ने बताया कि दिल्ली, हरियाणा से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आगरा और लखनऊ जाने वाला ट्रैफिक सीधे यमुना एक्सप्रेस वे तक जा सकेगा। इसके लिए दो एलिवेटड रोड को एक ट्रैफिक इंटरचेंज से जोड़ा जाएगा। इसे ठीक वैसे तैयार किया जाएगा जैसे दिल्ली के मेडिकल (एम्स) के पास बनाया गया है। जिन दो एलिवेटेड को जोड़ा जाएगा उसमें एक चिल्ला एलिवेटेड और दूसरी पुश्ता सेक्टर-94 से यमुना एक्सप्रेस वे तक प्रस्तावित एलिवेटड रोड है। चिल्ला एलिवेटड का निर्माण विगत माह शुरू किया गया है।



### महामाया के पास बनेगा इंटरचेंज

इन दोनों एलिवेटड रोड को आपस में कनेक्ट कर दिया जाएगा। इसके लिए दिल्ली के एम्स पर बने इंटरचेंज की तर्ज पर महामाया फ्लाईओवर के पास एक इंटरचेंज बनाया जाएगा। इसका डिजाइन कैसा होगा इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जा रहा है। इसके बाद डिजाइन को फाइनल किया जाएगा। इन दोनों एलिवेटड के आपस में जुड़ने से दिल्ली, नोएडा के लाखों वाहन चालकों को फायदा होगा।

ADMISSION OPEN
SARASWATI
GLOBAL
SCHOOL
NCERT
BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

# बिजली की चोरी

जिस राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलत~ लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दर्शाया जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। इस दिशा में उठाए गए कदम समस्या का वास्तविक निस्तारण करने वाले होने चाहिए। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान किया जाना जरूरी है। बिजली चोरी में लिप्त लोगों की पहचान होने पर उन्हें दंडित किया जाना जरूरी है। साथ ही ऐसे लोगों को मुफ्त बिजली पाने की योजना का लाभ उठाने के अधिकार से भी वंचित किया जाना चाहिए। दरअसल, सख्त व पारदर्शी दंड व्यवस्था ही चोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है। पीएसपीसीएल को अधिक नुकसान नहीं उठाना चाहिए, जबकि पंजाब पहले ही कर्ज का बोझ उठाने वाले राज्यों में दूसरे स्थान पर है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उन्होंने इन्हें अनेक प्रकार से ललचाया और कहा कि कुछ वर माँगो। पर ये परम धैर्यवान ( राजा-रानी अपने तप से किसी के ) डिगाए नहीं डिगे। यद्यपि उनका शरीर हड्डियों का ढाँचा मात्र रह गया था, फिर भी उनके मन में जरा भी पीड़ा नहीं थी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दंपति बचन परम प्रिय लागे। मृदुल बिनीत प्रेम रस पागे॥**
**भगत बछल प्रभु कृपानिधाना। बिस्वबास प्रगटे भगवाना॥**

राजा-रानी के कोमल, विनययुक्त और प्रेमरस में पगे हुए वचन भगवान को बहुत ही प्रिय लगे। भक्तवत्सल, कृपानिधान, सम्पूर्ण विश्व के निवास स्थान (या समस्त विश्व में व्यापक), सर्वसमर्थ भगवान प्रकट हो गए॥

**दो0-नील सरोरुह नील मनि नील नीरधर स्याम।**
**लाजहिं तन सोभा निरखि कोटि कोटि सत काम॥**

भगवान के नीले कमल, नीलमणि और नीले (जलयुक्त) मेघ के समान (कोमल, प्रकाशमय और सरस) श्यामवर्ण (चिन्मय) शरीर की शोभा देखकर करोड़ों कामदेव भी लजा जाते हैं॥

**सरद मयंक बदन छबि सींवा। चारु कपोल चिबुक दर ग्रीवा॥**
**अधर अरुन रद सुंदर नासा। बिधु कर निकर बिनिंदक हासा॥**

उनका मुख शरद (पूर्णिमा) के चन्द्रमा के समान छबि की सीमास्वरूप था। गाल और ठोड़ी बहुत सुंदर थे, गला शंख के समान (त्रिरेखायुक्त, चढ़ाव-उतार वाला) था। लाल होठ, दाँत और नाक अत्यन्त सुंदर थे। हँसी चन्द्रमा की किरणावली को नीचा दिखाने वाली थी॥

(क्रमशः...)

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमज़ोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा। यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल



**यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है।**

बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चर्चाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे 'हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं' की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

– **ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषत: किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है।

वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं।

मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वत: संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो।

– **ललित गर्ग, लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# राशिफल

**चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु परास्त होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान का साथ।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय। लिखने-पढ़ने के लिए अच्छा समय। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी का योग बनेगा। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी लेकिन गृहकलह के भी योग हैं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। जुबान पर नियंत्रण रखें। किसी भी तरह का आर्थिक जोखिम न लें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार मध्यम है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मन चिंतित रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य थोड़ा सा प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान ठीक ठाक।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।

# कल बरौला में होगा जनवादी महिला समिति का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन

**नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गौतमबुधनगर कमेटी का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन शनिवार 19 अप्रैल 2025 को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक गांव बरौला सेक्टर- 49, नोएडा सामुदायिक केंद्र (सरकारी अस्पताल/ बड़ा पार्क के सामने) पर होगा।

सम्मेलन की जानकारी देते हुए समिति की जिला प्रभारी आशा यादव ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर हमारा अभियान लगातार चल रहा है। सम्मेलन में हम अपने पिछले 3 साल के कामकाज की समीक्षा और आगामी तीन वर्षों के लिए कार्य योजना/ दिशा तय करेंगे! साथ ही नई जिला कमेटी का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर आज झुग्गी बस्ती सेक्टर-



78, नोएडा पर सभा कर स्थानीय कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सीमा प्रधान, पार्वती उपप्रधान, सुनीता सचिव, मनीषा सहसचिव, सरोज कोषाध्यक्ष, पूनम व मुस्कान कार्यकारिणी सदस्य चुनी गई।

सभा को समिति की जिला अध्यक्ष रेखा चौहान, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी ने संबोधित किया। साथ ही उन्होंने 19 अप्रैल को बरौला में होने वाले सम्मेलन में सभी से समय से पहुंचने की अपील किया।

# संस्कार अध्ययन केंद्र ने नोएडा स्थापना दिवस पर रैली निकाली




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्कार अध्ययन केंद्र, गढ़ी द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों एवं अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली का उद्देश्य नोएडा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय चौक तक पहुँची। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियाँ एवं बैनर लेकर 'स्वच्छ नोएडा, हरित नोएडा' जैसे नारे लगाते हुए आम जनता को जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में अध्यापिकाओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संस्था की प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना के साथ-साथ अपने शहर के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

संस्कार अध्ययन केंद्र का यह प्रयास सराहनीय रहा, जिसने स्थापना दिवस को जन-जागरूकता और नागरिक सहभागिता के पर्व में परिवर्तित कर दिया।

## कविता



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

**जिसको सत्ता मिल गई वह राजा हो गया**
**जिन्हें मिला विपक्ष बैंड बाजा हो गया**
**जिस आदमी की वोट से खरीदी हुकूमत**
**वह गरीब सूख कर काँटा हो गया।**
**रचनाकाल-02 जुलाई 2020**

# संविधान से सुरक्षित होगा देश : प्रधान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** वक्फ़ बोर्ड को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष देश की सुरक्षा और अखंडता को लेकर बेहद अहम सुनवाई हुई।



यह बात हिन्दु युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने कहा कि ऐसा देश जिसका बटवारा धर्म के आधार पर हुआ, एक ऐसा पक्षकार जिसके राजनितिक दल के लोग यह कहते है कि 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दो हम अपनी ताकत दिखा देंगे। ऐसा दिन जब पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं का नरसंहार हो रहा है और अपने धर्म की रक्षा के लिए हिन्दू पलायन को मजबूर है। ऐसे संवेदनशील समय में एक संस्था सरकार के बाद देश की ज़मीन का सबसे बड़ा मालिक बना बैठा हो तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि आज कुछ ऐसा होगा जिससे हमारा देश मजबूत होगा बिखरेगा नहीं। यह देश संविधान से सुरक्षित होगा शरीयत से नहीं।

# पुलिस पर भारी पड़ रहा है ठगी का आरोपी भाजपा नेता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुधनगर कमिश्नरेट पुलिस को जहां तेज तर्रार होने का तमगा मिलता रहता है। वहीं एक 24 करोड़ की ठगी करने वाला भाजपा का तथाकथित नेता पुलिस पर भारी पड़ता दिखाई पड़ रहा है।

बताया जाता है कि तुगलपुर निवासी एक भाजपा नेता का नाम गत कुछ माह पूर्व 24 करोड़ के एक मामले में प्रकाश में आया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ थाना 63 में मुकदमा भी दर्ज किया परन्तु गिरफ्तारी नहीं हो पाई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं स्थानीय पुलिसकर्मियों की कार्यशैली की जहां हर रोज प्रशंसा हो रही है। वहीं एक तथाकथित भाजपा नेता पुलिस पर भारी पड़ता प्रतीत हो रहा है।

बताया जाता है कि जेवर में जमीन दिलाने के नाम पर उसने आगरा के एक व्यापारी से 24 करोड रुपए की ठगी कर ली। व्यापारी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सेक्टर 63 थाने में मुकदमा पंजीकृत कर दिया। लेकिन अब तुगलपुर का रहने वाला उक्त भाजपा नेता पुलिस पर भारी पड़ गया और मामले को इस तरह उलझाया कि पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी।

कभी समाजवादी पार्टी का झंडा बुलंद करने वाला तथा कथित भाजपा नेता एक बार फिर पुलिस को चुनौती देता नजर आ रहा है। अब देखना है कि पुलिस भाजपा नेता को गिरफ्तार कर पाती या नहीं।

# वाणिज्य कर विभाग की कमिशनर को व्यापारियों ने दी विदाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-115 उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में वाणिज्य कर विभाग की कमिशनर श्रीमती चाँदनी सिंह की विदाई समारोह का आयोजन व्यापार मंडल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि श्रीमती चाँदनी सिंह ने हर समय व्यापारियों के लिए अपने ऑफिस के दरवाज़े खुले रखें और जो भी अपनी समस्या लेकर आया उसे तुरंत प्रभाव से दूर करवाया और भविष्य में ऐसा दोबारा न हो उसके लिए भी अधिकारियों को जागृत किया। ऐसा अफसर मिलना हमारे लिए संजीवनी बूटी का काम करता है।

प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने कहा युवा शक्ति के रूप में श्रीमती चाँदनी सिंह ने वाणिज्य कर विभाग का रूप ही बदल दिया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों



ने श्रीमती सिंह के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा रखी।

इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की कमिशनर श्रीमति चांदनी सिंह ने कहा जो प्यार हमें नोएडा में मिला है वो कहीं नहीं मिला। नोएडा के व्यापारी जगत में हमें सिर माथे पर बिठाया। हमारा भी हमेशा यही प्रयास रहता था कि किसी भी व्यापारी को यहाँ कभी भी कोई दिककत न हो। विदाई समारोह में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता, उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्ति सिंह, प्रदेश महासचिव शिवा चौहान, उद्योग प्रकोष्ठ से अंकित पवार व चारु जैन व अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# धूमधाम से संपन्न भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन समारोह





**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत विकास परिषद नोएडा का अधिष्ठापन समारोह एवं 'एक शाम राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-51 में धूमधाम से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र गंगल, सचिव राम रतन शर्मा, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, संयोजिका महिला सहभागिता श्रीमती कंचन गुप्ता ने नए कार्यकाल वर्ष 2025-26 के लिए शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ महेश शर्मा रहे। नोएडा विधायक पंकज सिंह व अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। जबकि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे। भारत विकास परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष कवित बंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं अधिष्ठापन अधिकारी भारत विकास परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रांतीय महासचिव श्रीमती मुक्ता अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी पंकज जिंदल अतुल वर्मा एवं कुलदीप गुप्ता ने संभाली। इस अवसर पर शाखा संरक्षक मधुसूदन दादू, प्रताप मेहता सम्मेद शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नर को विश्व जैन संगठन ने किया सम्मानित



**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व जैन संगठन नोएडा के प्रतिनिधिमंडल ने गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर के निवासियों की सेवा और सुरक्षा के लिए उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए उन्हें विशेष शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक में विश्व जैन संगठन नोएडा द्वारा समय-समय पर समाजहित में किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा हुई। संगठन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, किताबें व अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने एवं जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कार्य करता आ रहा है।

पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने विश्व जैन संगठन की इन सामाजिक पहलों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यों को समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया।

इस अवसर पर विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष के के जैन, महासचिव दिनेश जैन, प्रदीप जैन, राहुल जैन, राजेश जैन, अंशुल जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।


**नौएडा** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

1. 08/Manager System/Kyocera Mita Toner/2024-2025, Purchase of Kyocera make Toner cost Rs. 15.66 Lacs Inclusive of GST

जिन्हें दिनांक **24/04/2025** को **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **25/04/2025** को **11.00** बजे खोली जांएगी।

प्रबन्धक (सिस्टम)

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


## पृष्ठ एक के शेष....

**किशोरी व किशोर...**

जांच कर रही है। थाना बिसरख क्षेत्र के तिगड़ी से 15 वर्षीय किशोर घर से बिना बताए चला गया। किशोर के पिता मोहम्मद अली काल्पनिक नाम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा 14 अप्रैल की सुबह घर से बिना बताए चला गया। वह घर से 9 हजार रुपए भी अपने साथ ले गया। उन्होंने अपने बेटे की काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बेटे के दोस्तों से पूछने पर पता चला कि वह शाम तक उनके साथ खेला और उन्हें चाऊमीन भी खिलाई। इसके बाद वह वहां से चला गया। पुलिस का कहना है कि किशोर व किशोरी की तलाश की जा रही है।

**युवक का फोन...**

पीड़ित वैभव अमर के अनुसार, उन्होंने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि घटना की शिकायत मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली गई है, और पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुट गई है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

**मारपीट में तीन...**

बचाव का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज व मारपीट की। झगड़ा होता देखकर जिम कर रहे अन्य युवकों ने किसी तरह आरोपियों के चंगुल से उन्हें बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**दहेज में 21 लाख व...**

मायके से ऑडी कार व 21 लाख रुपए लाने का दवाब बनाए जाने लगा। उसने जब ससुराल वालों की मांग पूरी करने से इनकार किया तो उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के मुताबिक जब वह पहले करवा चौथ के मौके पर अपनी ससुराल आई तो उसकी सास व पति ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सास ने उससे अपने लिए सोने का हार तथा पति ने ब्रेसलेट मायके से लाने को कहा।

पीड़िता का आरोप है कि उसके पति सास और ससुर उसके साथ मारपीट करते थे। पीड़िता के मुताबिक 12 अक्टूबर 2023 को उसकी सास, पति व ससुर ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया जिस पर उसने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के आने पर ससुराल वालों ने अपनी गलती मानते हुए भविष्य में गलती न करने का आश्वासन दिया। पीड़िता का कहना है कि इसके बावजूद भी आए दिन उसके साथ मारपीट होती थी। पति द्वारा की जा रही मारपीट में सास ससुर भी सहयोग करते थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**मुठभेड़ में शातिर...**

पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मनीष कुमार पुत्र स्वर्गीय सुदामा निवासी ग्राम सावरिया जिला बक्सर बिहार बताया। पकड़ा गया आरोपी हाल में नोएडा के नया बांस गांव में रह रहा है। इसके पास से एक तमंचा, कारतूस, चोरी व लूट के दो मोबाइल फोन, लूटे गए मोबाइल फोन को बेचने से मिले 1500 रुपए, चोरी की बाइक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि उक्त बाइक के संबंध में थाना शकरपुर ईस्ट दिल्ली में मुकदमा पंजीकृत है। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ नोएडा के विभिन्न थानों में आठ मुकदमे दर्ज हैं। पकड़ा गया बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होकर मोबाइल छिनेती की घटनाओं को अंजाम देता था। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

**प्रिंट रेट से अधिक...**

उधर आबकारी विभाग ने भी मामला संज्ञान में लाने के बाद अभी तक अनुज्ञापी शशांक गुप्ता को न तो कोई नोटिस जारी किया और न ही प्राधिकरण की एनओसी का अवलोकन किया। बताया जाता है कि यह समूचा गोरखधंधा नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल -1 के अधिकारियों तथा आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर की सांठगांठ से चल रहा है।

इस ठेके में प्रिंट रेट से अधिक कीमत ग्राहकों से वसूली जा रही है। अंग्रेजी शराब पर प्रिंट रेट से 10 रूपये अधिक तथा बीयर की केन पर प्रिंट रेट से 20 रूपये अधिक वसूले जा रहे हैं। शिकायत के बाद भी आबकारी विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। इस बाबत ग्राहकों ने भुगतान के सबूत भी पेश किए।

**एलीवेटिड रोड व प्राधिकरण...**

सर्टिफिकेट जारी करने तथा भूखंड आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस वर्ष प्राधिकरण नोएडा दादरी रोड पर बरौला से फेज दो के बीच बन रहे एलेवेटेड रोड को चालू कर देगा बल्कि सेक्टर 96 में बन रहे अपने नये मुख्यालय में भी पहुंच जाएगा। दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन मई माह में मुख्यमंत्री के हाथों कराने की योजना है।यही नहीं चिल्ला व महामाया पुल के बीच एलेवेटेड रोड तथा नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के समानांतर एक और एक्सप्रेस-वे बनाने का काम भी इसी वर्ष शुरू हो जाएगा।

सेक्टर 151 में बनाया जा रहा गोल्फ कोर्स भी इसी वर्ष चालू कर दिया जाएगा।प्राधिकरण भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को आवासीय भूखण्ड देने के लिए सेक्टर 146 का विस्तार करेगा। अतिक्रमण और अवैध कब्जों से निपटने में और तेजी लाई जाएगी।बीस हजार वर्ग मीटर से बड़े तथा छोटे आठ औद्योगिक भूखंडों को आवंटित करने की योजना भी इसी वर्ष लाई जाएगी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम ने इस अवसर पर कहा कि प्राधिकरण भू-संपत्तियों के आवंटन व विकास के साथ साथ शहर की सभी नागरिक सुविधाओं के लिए भी जिम्मेदार है। बढ़ती जनसंख्या और विभिन्न गतिविधियों के कारण समस्याएं भी बढ़ी हैं परंतु प्राधिकरण समस्याओं से भागने वाला नहीं है बल्कि इस स्वर्ण जयंती वर्ष में और अधिक शक्ति से समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगा। उन्होंने प्राधिकरण में भ्रष्टाचार न होने का भी दावा किया।

संवाददाता सम्मेलन में एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल, विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर सिंह, महेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक (जल) आरपी सिंह, महाप्रबंधक (जनस्वास्थ्य) एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल, निदेशक (उद्यान) आनंद मोहन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, आरके शर्मा, राजकमल सिंह, कपिल सिंह, डोरीलाल वर्मा, अनिल कुमार, विश्वास त्यागी आदि अधिकारी व नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### रसायन, पेट्रोरसायन क्षेत्र पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रहा है भारत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने देश के रसायन और पेट्रोरसायन उद्योग पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव का आकलन करने की सरकारी पहल की घोषणा की है। निवेदिता शुक्ला ने एक विचार-विमर्श सत्र में बताया कि यह निर्णय उद्योग जगत के साथ संवाद स्थापित करने के लिए किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अतिरिक्त 26 प्रतिशत के जवाबी शुल्क लागू करने का फैसला लिया था, जिसे अब नौ अप्रैल को 90 दिन के लिए टाल दिया गया है। इसके बावजूद, 10 प्रतिशत का मूल शुल्क अब भी लागू है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, भारत के कुल निर्यात में रसायन की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत है। इसका अंतरराष्ट्रीय निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 5.7 अरब अमेरिकी डॉलर था। निवेदिता शुक्ला ने कहा कि सरकार उद्योग जगत के साथ विचार-विमर्श के बाद उपाय निर्धारित करेगी और उद्योग के स्थिति का समीक्षा करेगी। इस नए विकल्प का अनुसरण करते हुए, भारतीय रसायन और पेट्रोरसायन उद्योग अपने व्यापारिक प्रवृत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### फिच रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। रेंटिंग एजेंसी फिच ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) के अपने विशेष तिमाही अपडेट में कहा कि अमेरिकी व्यापार नीति के बारे में पूरे विश्वास के साथ कुछ भी कहना मुश्किल है। व्यापक स्तर पर नीति अनिश्चितता, व्यापार निवेश की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा रही हैं। शेयर की कीमतों में गिरावट से घरेलू संपत्ति कम हो रही है और अमेरिकी निर्यातकों को जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। फिच ने मार्च के अपने जीईओ में 2025 के विश्व वृद्धि अनुमानों में 0.4 प्रतिशत की कटौती की। चीन और अमेरिका के वृद्धि अनुमान को 0.5 प्रतिशत घटाया।

### जेनसोल इंजीनियरिंग के स्वतंत्र निदेशक मेनन ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** कोष के दुरुपयोग और संचालन में चूक होने की वजह से बाजार नियामक सेबी की जांच के दायरे में आई 2 संकटग्रस्त कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग से उसके स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने की जानकारी दी है। कंपनी के प्रवर्तकों में से एक अनमोल सिंह जग्गी को भेजे इस्तीफे में मेनन ने लिखा कि अन्य व्यवसायों के पूंजीगत व्यय को वित्तपोषित करने के लिए जीईएल के बहीखाते तथा जीईएल द्वारा इतनी ऊंची ऋण लागत पर स्थिरता बनाए रखने को लेकर चिंता बढ़ रही है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के धन की हेराफेरी और कामकाज संबंधी खामियों के कारण जेनसोल इंजीनियरिंग और उसके प्रवर्तकों अनमोल सिंह जग्गी तथा पुनीत सिंह जग्गी को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित करने की पृष्ठभूमि में मेनन ने इस्तीफा दिया है।

### हीरो मोटोकॉर्प ने चार संयंत्रों में उत्पादन रोका

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने अल्पकालिक आपूर्ति संरेखण के लिए 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक अपने चार संयंत्रों में उत्पादन रोक दिया है। कंपनी इस अवधि में सुविधाओं में रखरखाव गतिविधियों को भी अंजाम देगी। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिमार्ता कंपनी ने बयान में कहा कि हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि हमारे चार विनिर्माण संयंत्रों धारूहेड़ा, गुरुग्राम, हरिद्वार और नीमराणा में उत्पादन 17 से 19 अप्रैल 2025 तक अस्थायी रूप से रोक दिया जाएगा, क्योंकि हम अल्पकालिक आपूर्ति संरेखण पर काम कर रहे हैं। इस दौरान हमारे तिरुपति और हलोल संयंत्र चालू रहेंगे। इसमें कहा गया ?कि इस दौरान परिचालन को और मजबूत करने के लिए रखरखाव और सुविधा संवर्द्धन की दिशा में काम किया जाएगा।

# फिच ने भारत के जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी 'गंभीर' चिंताओं को देखते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 10 आधार अंक घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने अपने अनुमानों को बरकरार रखा है। फिच ने गुरुवार को जारी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) के अपने विशेष तिमाही अपडेट में कहा, अमेरिकी व्यापार नीति के बारे में पूरे विश्वास के साथ कुछ भी कहना मुश्किल है। व्यापक स्तर पर नीति अनिश्चितता, व्यापार निवेश की संभावनाओं को




नुकसान पहुंचा रही हैं। शेयर की कीमतों में गिरावट से घरेलू संपत्ति कम हो रही है और अमेरिकी निर्यातकों को जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। फिच ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत समेत विभिन्न देशों पर अंधाधुंध व्यापार शुल्क लागू करने से वैश्विक व्यापार युद्ध में बढ़ोतरी के बीच ताजा आंकड़े जारी किए हैं। फिच ने अपने मार्च जीईओ से 2025 में विश्व विकास अनुमानों में 0.4 फीसदी अंकों की कटौती की तथा चीन और अमेरिका की वृद्धि में 0.5 फीसदी अंकों की कटौती की है। फिच रेटिंग्स ने विश्व विकास के पूवार्नुमानों को भी कम कर दिया है। एजेंसी ने इस वर्ष विश्व विकास दर 2 फीसदी से नीचे आने का अनुमान जताया है। कोरोना महामारी को छोड़कर यह 2009 के बाद से सबसे कमजोर वैश्विक विकास दर होगी। भारत के बारे में फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 और चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान में 10 आधार अंकों की कटौती कर क्रमशः 6.2 फीसदी और 6.4 फीसदी कर दिया है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी पर बरकरार रखी गई है। फिच रेटिंग्स के मुताबिक अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2025 तक 1.2 फीसदी पर सकारात्मक रहने की उम्मीद है। फिच के अनुमानों के अनुसार चीन की वृद्धि दर इस वर्ष और अगले वर्ष दोनों में 4 फीसदी से नीचे रहने की उम्मीद है, जबकि यूरोजोन में वृद्धि 1 फीसदी से काफी नीचे अटकी रहेगी।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने पेश किया हेक्टर मिडनाइट कार्निवल

एजेंसी



**रांची।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी फ्लैगशिप SUV MG हेक्टर को खरीदने के अनुभव को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एक रोमांचक अभियान 'मिडनाइट कार्निवल' शुरू किया है। सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफर अवधि में, 20 भाग्यशाली MG हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपये तक के खास फायदे भी पा सकते हैं। ऑफर प्रोग्राम के दौरान, JSW MG मोटर इंडिया कार खरीदने के अनुभव को और भी बेहतर बनाने लिए कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल /1 लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसी के साथ ही 2 अतिरिक्त साल के लिए रोडसाइड असिस्टेंस भी पा सकते हैं। इस ऑफर के साथ ग्राहक 5 साल तक बिना चिंता हेक्टर का मजा उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत वर्तमान में रजिस्टर होने वाली हेक्टर पर RTO खर्च पर 50% की छूट और MG एक्सेसरीज तक की पहुंच का लाभ भी मिलेगा। इस तरह की पहल SUV के शौकीन लोगों को एक बेहतरीन कार पेश करने की MG मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करती है। इस अभियान के बारे में बात करते हुए, JSW MG मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, भारत में रवश के शौकीनों के लिए MG हेक्टर हमेशा से ही सबसे पसंदीदा मॉडल रहा है।

## एपल ने कार्गो फ्लाइट्स से अमेरिका भेजे 600 टन आईफोन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एपल के भारत स्थित मुख्य सप्लायर्स फॉक्सकॉन और टाटा ने मार्च महीने में अमेरिका को रिकॉर्ड स्तर पर करीब 2 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन निर्यात किए हैं। कस्टम डेटा के मुताबिक, यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ से बचने के लिए कंपनी ने एयरलिफ्ट के जरिए बड़ी मात्रा में डिवाइस भेजी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक आईफोन निर्माता कंपनी ने भारत में अपना उत्पादन तेज किया और चार्टर्ड कार्गो फ्लाइट्स से 600 टन आईफोन को अमेरिका



भेजा ताकि उसके एक बड़े मार्केट में इनवेंटरी की कोई कमी न हो। टैरिफ के चलते एपल को कीमतों में संभावित बढ़ोतरी का खतरा था। अप्रैल में अमेरिकी प्रशासन ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर 26 फीसदी शुल्क लगाया है, जो उस समय चीन पर लागू 100 फीसदी से ज्यादा शुल्क की तुलना में काफी कम था। हालांकि ट्रंप प्रशासन ने बाद में चीन को छोड़कर बाकी सभी देशों के लिए टैरिफ को 90 दिन के लिए रोक दिया है। कस्टम डेटा के मुताबिक एपल के भारत स्थित मुख्य सप्लायर फॉक्सकॉन ने मार्च में रिकॉर्ड स्तर पर स्मार्टफोन का निर्यात किया है। कंपनी ने अकेले मार्च में 1.31 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन अमेरिका भेजे हैं, जो जनवरी और फरवरी दोनों महीनों के कुल शिपमेंट के बराबर है। इस निर्यात में एपल के आईफोन 13, 14, 16 और 16ई मॉडल शामिल थे। इसके साथ ही फॉक्सकॉन का इस साल भारत से अमेरिका को कुल निर्यात 5.3 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। एपल के एक सप्लायर टाटा इलेक्ट्रानिक्स ने मार्च में 612 मिलियन डॉलर मूल्य के आईफोन का निर्यात किया था, जो फरवरी की तुलना में करीब 63 फीसदी ज्यादा था। टाटा की ओर से भेजे गए मॉडलों में आईफोन 15 और 16 शामिल थे। एपल, फॉक्सकॉन और टाटा ने इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

एजेंसी

**रांची।** अपने देशव्यापी प्रयास के तहत सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को बढ़ावा देने के लिए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने झारखंड के रांची स्थित कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल में इंटरैक्टिव सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल में 2000 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए सड़क सुरक्षा शिक्षा को अधिक सुलभ, व्यावहारिक और प्रासंगिक बनाना था। युवाओं के साथ जुड़ाव एक सकारात्मक लहर पैदा करता है, जिससे परिवार के सदस्य और समुदाय भी सुरक्षित ड्राइविंग की



आदतें अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। यह अभियान युवाओं को रोजमर्रा की यातायात स्थितियों के प्रति जागरूक करने के लिए आकर्षक और सहभागिता से भरपूर शिक्षण विधियों के माध्यम से तैयार किया गया था। खतरे की पहचान प्रशिक्षण, प्रश्नोत्तरी, खेल, हेलमेट जागरूकता गतिविधियाँ आदि जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों को सड़क पर अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीरता से सोचने, सड़क सुरक्षा के मूल सिद्धांतों को समझने और उन्हें वास्तविक जीवन में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## हीरो मोटोकॉर्प के 4 संयंत्रों में 19 अप्रैल तक नहीं होगा उत्पादन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरा मोटोकॉर्प लिमिटेड आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने के लिए अपने चार संयंत्रों में 17 से 19 अप्रैल तक उत्पादन रोकेगी। कंपनी इस दौरान चारों संयंत्रों में रखरखाव गतिविधियों को भी अंजाम देगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के चार संयंत्रों धारूहेड़ा, गुरुग्राम, हरिद्वार और नीमराणा में 17 से 19 अप्रैल तक उत्पादन अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इन संयंत्रों में 21 अप्रैल को परिचालन फिर से शुरू होगा, जबकि तिरुपति और हलोल संयंत्रों में उत्पादन जारी रहेगा। इस दौरान परिचालन को और मजबूत करने के लिए रखरखाव और सुविधा संवर्द्धन की दिशा में काम किया जाएगा। कंपनी ने आश्वासन दिया है कि इस रोक से खुदरा मांग पर कोई असर नहीं पड़ेगा और किसी भी स्थगित उत्पादन को अगले महीने पूरा कर लिया जाएगा।

## अमेरिका व चीन की तनातनी से शिखर पर पहुंचा सोना

- 24 कैरेट सोना 96 हजार तो 22 कैरेट सोना 88 हजार के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनातनी के कारण घरेलू सरार्फा बाजार में जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। 24 कैरेट सोना पहली बार 96 हजार के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना पहली बार 88 हजार रुपये के ऊपर पहुंचा हुआ है। सर्राफा बाजार में आज चांदी के



भाव में भी तेजी बनी हुई नजर आ रही है। तेजी के कारण सोना 970 रुपये से लेकर 1,010 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में आए इस उछाल के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना महंगा होकर 96,180 रुपये से लेकर 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 88,160 रुपये से लेकर 88,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी भी 300 रुपये महंगी हुई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 96,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 88,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 96,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 96,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### यश बैंक को 244 करोड़ की इनकम टैक्स डिमांड का नोटिस

**मुंबई।** यश बैंक को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 244.20 करोड़ रुपए का अतिरिक्त टैक्स डिमांड का नोटिस मिला है। यह डिमांड 2016-17 के लिए किए गए असेसमेंट और पुनर्मूल्यांकन के बाद आई है। बैंक ने कहा है कि वह इस टैक्स डिमांड को चुनौती देगा और इसके खिलाफ अपील करेगा। बैंक को दिसंबर 2018 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 2016-17 के लिए एक टैक्स असेसमेंट ऑर्डर मिला था, जिसमें कुछ जोड़-घटाव किए गए थे। इसके बाद मार्च 2022 में पुनः मूल्यांकन आदेश आया, जिसमें कुछ और बदलाव किए गए थे। बैंक ने दोनों आदेशों के खिलाफ अपील की है और अब पुनः मूल्यांकन के बाद एक नई टैक्स डिमांड आई है।

## एसबीआई कार्ड व टाटा डिजिटल की साझेदारी

- टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड की खर्चों पर 10% तक न्यूकॉइन्स की पेशकश

एजेंसी

**रांची।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने आज टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी में टाटा न्यू एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। अपनी तरह का यह अनूठा लाइफस्टाइल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विभिन्न क्षेत्रों के जागरुक ग्राहकों के लिए एक प्रीमियम और अत्यधिक फायदेमंद वाली खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया




है। इस को-ब्रांडेड कार्ड को दो वेरिएंट टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड में लॉन्च किया गया है। ग्राहक सभी खर्चों पर रिवार्ड अर्जित करते हैं, चाहे ऑनलाइन हों या इन-स्टोर, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट आउटलेट्स पर न्यूकॉइन्स के रूप में, जिन्हें टाटा न्यू ऐप पर रिडीम किया जा सकता है। इस लॉन्च के साथ, टाटा न्यू एसबीआई कार्ड के ग्राहक अब एक बेहतर खरीदारी अनुभव के लिए कई तरह के लाभों का आनंद ले सकते हैं। कार्डधारक टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 10% तक और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 7% तक न्यूकॉइन्स के रूप में पुरस्कार का आनंद ले सकते हैं। ये मासिक रूप से कार्डधारक के टाटा न्यू ऐप के भीतर न्यूपास खाते में जमा किए जाते हैं। इन न्यूकॉइन्स को किराने का सामान, यात्रा बुकिंग, आभूषण, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मेसी सेवाओं सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में ऑनलाइन और इन-स्टोर दोनों जगह भुनाया जा सकता है।

### जापान को वित्त वर्ष 2024-25 में 5200 अरब येन का व्यापार घाटा

**तोक्यो।** जापान ने वित्त वर्ष 2024-25 में 5200 अरब येन (37 अरब अमेरिकी डॉलर) का व्यापार घाटा दर्ज किया। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च तक के वित्त वर्ष में जापान का वैश्विक व्यापार घाटा कुल 5200 अरब येन (37 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। लगातार चौथा वर्ष घाटे दर्ज किया गया। हालांकि, अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) बढ़कर 9000 अरब येन (63 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। जापान का अमेरिका एक महत्वपूर्ण दीर्घकालिक सहयोगी और अमेरिका में प्रमुख निवेशक है, जो सैकड़ों हजारों अमेरिकियों को रोजगार देता है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात को लेकर शुल्क बढ़ोतरी का मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एसयूवी कर्व के इलेक्ट्रिक वर्जन का डार्क एडिशन लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी कूप-एसयूवी कर्व के इलेक्ट्रिक वर्जन का डार्क एडिशन लॉन्च किया है।डार्क एडिशन की बुकिंग अब शुरू हो गई है। टाटा कर्व ईवी डार्क एडिशन केवल एक वेरिएंट - एम्पावर्ड+ एडीएएस 55केडब्ल्यूएच में उपलब्ध है, जो टॉप-स्पेक वेरिएंट में मिलेगा। कर्व ईवी डार्क एडिशन में बाहरी और आंतरिक डिजाइन में कई आकर्षक बदलाव किए गए हैं। इसका कार्बन ब्लैक एक्सटीरियर, डार्क अलॉय व्हील्स, ग्लॉस पियानो ब्लैक रियर स्पॉइलर और वेलकम लाइट के साथ फ्लश डोर हैंडल गाड़ी को प्रीमियम और मस्कुलर लुक देते हैं। इंटीरियर्स में भी डार्क थीम दी गई है, जिसमें लेदरेट सीटें, मूड लाइटिंग और वॉयस असिस्टेड पैनोरमिक सनरूफ शामिल हैं। कनेक्टिविटी के मामले में कर्व ईवी डार्क एडिशन में 12.3 इंच क ी सिनेमैटिक स्क्रीन, जेबीएल ऑडियो सिस्टम, लेवल-2 अडास और 10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जैसे हाई-टेक फीचर्स दिए गए हैं। इसमें वी2एल टेक्नोलॉजी भी है, जो रिवर्स चार्जिंग की सुविधा देती है।




## बिरला ओपन माइंड्स ने झारखंड में बढ़ाया विस्तार, नए स्कूल का किया शुभारंभ

- हमारा लक्ष्य छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना है
- छात्रों को शिक्षित करना नहीं, बल्कि उनमें जिज्ञासा, रचनात्मकता और सशक्त चरित्र का निर्माण करना है




एजेंसी

**रांची।** समग्र और प्रगतिशील शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बिरला ओपन माइंड्स ने झारखंड में अपने नए स्कूल बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा के शुभारंभ की घोषणा की है। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, बिरला ओपन माइंड्स प्राइवेट लिमिटेड की एक पहल है, जो भारत के लीडर्स के भविष्य को संवारने के लिए समग्र शिक्षा समाधान प्रदान करता है। प्री-स्कूल से लेकर के-12 तक, BOMIS का शैक्षिक दृष्टिकोण न केवल अकादमिक उत्कृष्टता पर केंद्रित है, बल्कि भविष्य के लिए तैयार छात्रों को संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के साथ सशक्त बनाता है। नव उद्घाटित स्कूलों में BOMIS की सिद्ध शिक्षण पद्धति के तहत समग्र और नवीन शिक्षण अनुभव प्रदान किया जाएगा। इन स्कूलों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक समृद्ध पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, जो आलोचनात्मक चिंतन, सृजनात्मकता, सहयोग और संवाद जैसे 21वीं सदी के कौशल को विकसित करेगा। आधुनिक कक्षाओं, विज्ञान और गणित प्रयोगशालाओं, डिजिटल पुस्तकालयों, एम्फीथिएटर, खेल परिसरों और कला-समेकित शिक्षण स्थलों से सुसज्जित ये स्कूल छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेंगे। बिरला ओपन माइंड्स के प्रबंध निदेशक, निर्वान बिरला, ने इस अवसर पर कहा, कोडरमा में बिरला ओपन माइंड्स परिवार का विस्तार करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य केवल छात्रों को शिक्षित करना नहीं, बल्कि उनमें जिज्ञासा, रचनात्मकता और सशक्त चरित्र का निर्माण करना है। हम बच्चों को एक ऐसा परिवेश देना चाहते हैं, जहां वे न केवल सीखें, बल्कि एक करुणामय और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरें। झारखंड में यह विस्तार गुणवत्तापूर्ण, भविष्यमुखी शिक्षा को अधिक बच्चों तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोडरमा विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य, डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह, ने कहा, हम कोडरमा के विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच देने के लिए तत्पर हैं, जो उन्हें सतत परिवर्तनशील दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और मानसिकता से सशक्त बनाए। हमारा लक्ष्य छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना है, साथ ही नैतिक मूल्यों की नींव को भी मजबूत बनाए रखना है। बिरला ओपन माइंड्स का यह विस्तार भारत में उच्च गुणवत्ता वाली, परिवर्तनकारी शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और अभिनव शिक्षण पद्धति के साथ, ये नए विद्यालय विद्यार्थियों को न केवल कक्षा में, बल्कि उनके समग्र जीवन में सफलता के लिए तैयार करेंगे।

### सात शहरों में लग्जरी हाउसिंग सेगमेंट की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के सात शहरों में लग्जरी हाउसिंग सेगमेंट की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च के बीच 4 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले लग्जरी घरों की बिक्री में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान कुल 1,930 लग्जरी यूनिट्स की बिक्री हुई। दिल्ली-एनसीआर इस सेगमेंट में सबसे आगे रहा, जहां 950 यूनिट्स बिके। इसके बाद मुंबई का स्थान रहा, जिसकी कुल बिक्री में हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत रही। दक्षिण भारत में बेंगलुरु में लग्जरी सेगमेंट में सबसे अधिक उछाल देखने को मिला। यहां इस साल की पहली तिमाही में 190 यूनिट्स बिके, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा सिर्फ 20 था। कोलकाता और चेन्नई की इस सेगमेंट में संयुक्त हिस्सेदारी करीब 5 प्रतिशत रही।

खास खबर

## ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की सूची में बदलाव

**नई दिल्ली ।** आईपीएल में हर मैच के साथ ही ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की सूची में बदलाव आ रहा है। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच के बाद भी ऑरेंज और पर्पल कैप की सूची में बदलाव दिखा है। जहां बल्लेबाजी में ऑरेंज कैप की रेस में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन नौवे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं गेंदबाजी में दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव दूसरे स्थान पर पहु गये हैं। अब तक सबसे अधिक 357 रन बनाकर लखनऊ सुपरजायंटस के पूरन का ही कब्जा है। वहीं दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन, तीसरे नंबर पर सुपरजायंटस के ही मिचेल मार्श, चौथे नंबर पर पंजाब केश्रेयस अय्यर और पांचवें नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली हैं।

## नकवी ने 26 गेंदों में ही लगा दिया शतक

**बोलोगना ।** इटली के बोलोगना में जारी यूरोपीय क्रिकेट लीग टी10 टूनामेंट में जैन नकवी ने 26 गेंदों में ही शतक लगाकर तहलका मचा दिया। नकवी ने इस मैच में 6 गेंदों पर छह छक्के लगाये। नकवी मार्खोर मिलानो के विकेटकीपर और कप्तान हैं और उन्होंने सिविडेट के खिलाफ मैच में से आक्रामक पारी खेली। मिलानो की टीम ने नकवी के नाबाद 160 रनों की पारी से 10 ओवर में केवल दो विकेट पर 210 रन बना दिये। वहीं इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सिविडेट की टीम 9 ओवर में 106 रन ही बना पायी। इससे मिलानो को 104 रनों से जीत मिल गयी। नकवी ने अपने पारी में रिकॉर्ड 24 छक्के लगाए। यही नहीं, उन्होंने 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने अंतिम ओवर में गुरप्रीत सिंह की गेंदों पर ये उपलब्धि हासिल की। नकवी ने अपनी पारी के दौरान सिविडेट के गुरप्रीत सिंह की गेंदों को जमकर पीटा। गुरप्रीत पारी का अंतिम ओवर लेकर आए थे। इसमें नकवी ने उनकी 6 गेंदों पर लगातार 6 छक्के लगाये।

## डे क्रिकेट अकादमी के लिए 20 को ट्रायल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एचपीसीए द्वारा अंडर-19 डे क्रिकेट अकादमी धर्मशाला के लिए 20 अप्रैल को ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान वर्ष 2025-26 के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से होंगे। ट्रायल में पूर्व वर्ष में चयनित खिलाड़ियों को भी भाग लेना होगा, उनकी प्रतिभा के तहत ही उन्हें आगामी वर्ष के लिए रिटेन किया जाएगा। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का जन्म एक सितंबर 2006 के बाद होना जरूरी है। साथ ही मात्र हिमाचली बोनोफाईड खिलाड़ी ही ट्रायल में भाग ले सकेंगे। इसके लिए खिलाड़ियों को ट्रायल वाले दिन ही रजिस्ट्रेशन करवानी होगी। बिना पंजीकरण के ट्रायल में खिलाड़ी भाग नहीं ले पाएंगे। इसके लिए खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाण पत्र, बोनोफाईड हिमाचली व दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ लाने होंगे। अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का अलांउस प्रदान नहीं किया जाएगा।

# आरसीबी और पंजाब में मुकाबला आज

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स से खेलेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी पर आरसीबी को इसमें घरेलू हालातों का लाभ मिल सकता है। अभी तक दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। दोनो ही टीमों ने अब तक चार-चार मैच जीतकर 8 अंक हासिल किये हैं पर रेट रन रेट के आधार पर आरसीब तीसरे जबकि पंजाब चौथे स्थान पर है। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बज्लेबाज और गेंदबाज हैं , ऐसे में प्रशंसकों को एक रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। इस मैच में आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ओर पंजाब के स्पिनर युजवेंद्र चहल के बीच कड़ी टक्कर होगी। चहल ने पिछले मैच में



जबरदस्त गेंदबाजी कर अपनी टीम की ओर से 112 रनों के लक्ष्य का बचाव करने में सफलता हासिल की थी। आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर पिछले मैचों में स्पिनरों के सामने संघर्ष करना पड़ा था। जिसको लाभ पंजाब के स्पिनर उठाना चाहेंगे। पंजाब के पास चहल के अलावा स्पिनर के तौर पर ग्लैन मैक्सवेल भी हैं। मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी में रहे हैं और वह मैदान के हालातों को भी समझते हैं।

वहीं आरसीबी के पास भी क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा जैसे अच्छे स्पिनर हैं जो पंजाब के कप्तान श्रेयस श्रेयस अय्यर और प्रियांश आर्य पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। श्रेयस के अलावा इस सत्र में प्रियांश ने भी काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। पंजाब टीम के पास अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन जैसे अच्छे तेज गेंदबाज भी हैं। वहीं आरसीबी के पास तेज गेंदाजाज के तौर पर अनुभवी जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार हैं जिनका लाभ उसे मिलेगा। आरसीबी के लिए सकारात्मक बात ये है कि उसके कप्तान रजत पाटीदार ने अब तक टीम को अच्छी सफलता दिलायी है। रजत पहली बार कप्तानी कर रहे हैं जबकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में पिछली कार कोलकाता नाइटराइडर्स को जीत दिलायी थी। इन दोनों खिलाड़ियों को स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा बल्लेबाज माना जाता है और इसलिए बल्लेबाजी में उनकी अहम भूमिका रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो दोनो ही टीमों किसी भी मामले में कम नहीं है ऐसे में बराबरी की टक्कर है। आरसीबी की बल्लेबाजी में काफी गहरायी है। वहीं पंजाब के पास जुनूनी खिलाड़ी हैं हालांकि ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के बल्ले की खामोशी उसके लिए परेशानी बन सकती है।

## निचले क्रम पर 30 से 40 रन भी अर्धशतक जैसे : जितेश

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के विकेटकीप बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। जितेश के अनुसार फिनिशर का काम काफी महत्वपूर्ण है। इसमें टीम को जीत दिलाना अहम होता है। इसलिए फिनिशर के तौर पर खेली गयी 30 से 40 रनों की पारी भी टीम को जीत मिलती है तो अर्धशतक और शतक के समान ही हैहैं। जितेश आईपीएल 2025 में अक्सर छठे नंबर पर उतर रहे हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा, ह्यअब हर कोई फिनिशर ही है। लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना



आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था। उन्होंने कहा, कोई भी उपलब्धि हासिल करने पर बल्ला उठाना अच्छा लगता था पर जब से फिनिशर बना हू, अर्धशतक भी नहीं लगाया। 30 रन, 20 गेंद, 40 रन ही अहम होते हैं। उन्होंने कहा, अब ये स्कोर ही पचास के जैसे हैं। अगर आप 30 गेंद में 60 या 70 रन बना रहे हैं तो यह शतक जैसा है। अगर टीम जीत रही है तो इसी से मुझे खशुी होती है।

# सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लीमा (पेरू) में चल रही आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की सुरुचि इंदर सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

स्वर्ण पदक मुकाबले में सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने चीन की कियानसुन याओ और काई हू की जोड़ी को 17-9 के अंतर से पराजित किया। दोनों भारतीय निशानेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य भेदा और खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।

आईएसएसएफ विश्व कप, लीमा



कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में भारत की मनु भाकर और रविंदर सिंह की जोड़ी को चीनी निशानेबाजों चियानके मा और यीफान झांग के हाथों 6-16 से हार का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को 18 वर्षीय सुरुचि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस स्पर्धा में उन्होंने अपनी सीनियर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन का प्रमाण दिया। सौरभ के लिए यह वर्ष 2022 के बाद किसी आईएसएसएफ विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है।

सुरुचि और सौरभ की जोड़ी ने 580 अंकों के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले में स्थान सुनिश्चित किया। इस दौरान सुरुचि ने सौरभ से दो अंक अधिक प्राप्त किए। चयन चरण में चीनी जोड़ी याओ कियानसुन और हू काई 585 अंकों के साथ शीर्ष पर रही थी।

## झारखंड महिला एवं पुरुष कुश्ती टीम का चयन ट्रायल संपन्न

एजेंसी

**रांची ।** 11 से 15 मई 2025 तक पटना बिहार में आयोजित होने 7ई खेलो इंडिया यूथ गेम्स, महिला एवं पुरुष कुश्ती में भाग लेने हेतु खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय,झारखंड एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वधान में झारखंड कुश्ती टीम का चयन ट्रायल आज गनपत राय इनडोर स्टेडियम खेलगांव होटवार रांची में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न जिले से 65 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसके आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उक्त चयन ट्रायल का उदघाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ महासचिव रजनीश



कुमार के देख रेख में आयोजिय किया गया। इस चयन में विशेष रूप से झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, देवघर जिला कुश्ती संघ के सचिव संजीव झा, सीनियर प्लेयर सह कोच राजीव रंजन भीम, खेलो इंडिया सेंटर साहिबगंज के प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल, साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। चयन ट्रायल में चयनित 08 पुरूष और 7 महिला पहलवान, 11 से 15 मई 2025 तक पटना बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## रांची टीम ने सुपर लीग मैच में धनबाद को 8 विकेट से हराया



एजेंसी

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला (सीनियर)क्रिकेट प्रतियोगिता में रांची टीम ने सुपर लीग मैच में धनबाद टीम को 8 विकेट से हराया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच 19/04/25 (शनिवार) को चाईबासा में पश्चिमी सिंहभूम के साथ होगा। इससे पहले रांची टीम ने सुपर लीग में सिमडेगा को हराया था। आज के मैच में धनबाद टीम ने रांची टीम को जीत के लिए 215 रनों का लक्ष्य दिया जिसे रांची टीम ने 2 विकेटों के नुकसान पर 216 रन बनाकर मैच जीत लिया ।जिसमें कुमारी पलक 92 रन एवं मानसी ने 62 रनों का योगदान दिया और 8 विकेट से मैच जीत लिया।

## कराटे रेफरी एवं जज का होगा टेक्निकल सेमिनार

**रांची ।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा 27 अप्रैल को कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के द्वारा अधिकृत राज्य के कराटे रेफरी एवं जज का टेक्निकल सेमिनार यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है ।सेमिनार एसकेएजे के अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है इस सेमिनार में झारखंड राज्य के वे कराटे जज एवं रेफरी भाग लेंगे जो कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कराटे रेफरी एवं जज घोषित किए गए है। इस सेमिनार में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के कुमीते एवं काता के वर्तमान नियमो का ट्रेनिंग दिया जायेगा। सेमिनार रांची में यूनियन क्लब, थडपखना में किया गया है। सेमिनार में वर्ल्ड कराटे के नियमो का ट्रेनिंग एशियन कराटे जज सेंसाई हेजाज असदक द्वारा दिया जायेगा।

# रायजा पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों ने अपने करियर का पहला वर्ल्ड कप फाइनल खेलते हुए स्कीट महिला इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया और पांचवें स्थान पर रहीं। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के दूसरे चरण के दूसरे दिन भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ चीन के बाद कुल तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीतने वाली रायजा ने बुधवार को अपने पहले सीनियर वर्ल्ड कप फाइनल में मजबूत प्रदर्शन किया। 60 शॉट के फाइनल में उन्होंने 30 शॉट्स के बाद 26 हिट किए और बाहर हो गईं। उन्हें चीन की जियांग यीटिंग



को पछाड़ना था, जो पेरिस ओलंपिक में मिक्स्ड टीम ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। रायजा को उच्चतम बिब नंबर का नुकसान भी झेलना पड़ा। उन्होंने पहले 20 में से 19 शॉट्स हिट किए, जिससे दूसरी चीनी फाइनलिस्ट चे यूफेई को पीछे छोड़ने में कामयाब रहीं। शॉटगन की दिग्गज और तीन बार की ओलंपिक चैंपियन किम्बरली रोड ने 56 हिट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता, और अमेरिकी टीम ने इस इवेंट में 1-2-3 स्थान हासिल किया। सामंथा साइमोंटन को स्वर्ण के लिए शूट-ऑफ में रोड से 1-2 से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा, जबकि पूर्व विश्व चैंपियन डानिया जो विजी ने कांस्य पदक जीता। किम्बरली का यह 19वां व्यक्तिगत वर्ल्ड कप स्वर्ण और कुल मिलाकर 26वां स्वर्ण है, जिसमें डबल ट्रैप और मिक्स्ड टीम स्कीट शामिल हैं। उनका यह प्रदर्शन बुधवार शाम लास पाल्मास रेंज में हुआ। रायजा रातभर 10वें स्थान पर थीं और फाइनल की टॉप 6 में जगह बनाने के लिए उन्हें दो बेहतरीन राउंड की जरूरत थी। उन्होंने पहले राउंड में परफेक्ट 25 और फिर 24 का स्कोर किया, जिससे वह कजाखस्तान की जोया क्रावचेंको के साथ 117 पर टाई कर गईं।

## ड्रेगो मार्शल आर्ट अकादमी के चार खिलाड़ियों का चयन



**गिरिडीह।** आगामी प्रथम दक्षिण एशियन कराटे चैंपियनशिप, जो कि 18 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक गिरिडीह में आयोजित हो रही है, उसमें ड्रेगो मार्शल आर्ट अकादमी के चार होनहार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। अकादमी के अध्यक्ष लव कुमार ने बताया कि अंकित कुमार सिंह, सिद्धि सिंह, सिमरन कुमारी सिंह और श्रवण कुमार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे। टीम को रवाना करते समय भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को तिरंगा देकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# हार से निराश हैं राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन

▸ बल्लेबाजों के लक्ष्य हासिल करने की थी उम्मीद

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने निराशा जतायी है। सैमसन के अनुसार उन्हें लगा था कि बल्लेबाज लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इस मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स की टीम को अंतिम ओवर में 1 गेंद पर जीत के लिए 2 रन चाहिए थे पर वह एक ही रन बना पायी। इससे स्कोर बराबर होने के कारण मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। इसमें



रॉयल्स की टीम पहले बल्लेबाजी करनी उतरी और उसने 11 रन बनाए। इस लक्ष्य को दिल्ली ने आसानी से हासिल कर लिया। सुपर ओवर में रॉयल्स ने शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को बल्लेबाजी के लिए भेजा था पर ये दोनो इस ओवर में 11 रन ही बना पाये। पराग के आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजी करने के लिए आए पर वह एक भी गेंद नहीं खेल पाए। वहीं केएल राहुल की शानदार बल्लेबाजी से कैपिटल्स 4 गेंदों में ही जीत हासिल करने में सफल रही। ट्रिस्टन स्टब्स ने छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलायी। इस मैच में सुपर ओवर में रॉयल्स ने शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को भेजा। रियान ने 1 चौका लगाया पर सभी उनको उतारे जाने स हैरान नजर आये। पराग ने 3 गेंदे खेलकर 4 रन बनाए जबकि हेटमायर भी 3 गेंदे पर 5 रन बनाने में सफल रहे। राजस्थान की टीम सुपर ओवर में अधिक रन नहीं बना पायी। सैमसन ने हार के बाद कहा, मैं सुपर ओवर में बल्लेबाजी करने के लिए तैयार नहीं था।

## झारखंड ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव बनाए जाने पर संजय झा को किया गया सम्मानित

एजेंसी

**रांची।** झारखंड राज्य कबड्डी संघ के मान्यता प्राप्त रांची जिला कबड्डी संघ के द्वारा झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अभिभावक स्वरूप संजय कुमार झा को झारखंड ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव एवं मीडिया कमेटी के सदस्य बनाए जाने पर सभी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर श्री झा ने कहा कि शुरू से ही खेल के पति पूरी तरह समर्पित है। कबड्डी खेल अंग अंग में भरा हुआ है। राज्य में कबड्डी खिलाड़ियों को थोड़ी परेशानी जरूर है परंतु समय के अनुसार सारी परेशानी समाप्त हो जाएगी। हम भी अपने स्तर से पहले भी और आज भी प्रयास में



लगे हुए हैं झारखंड राज्य में कबड्डी का एक मंच हो जिससे खिलाड़ियों को सही दिशा निर्देश के साथ आगे बढ़ाने में सहायक /सिद्ध हो सके। इसके लिए हम अपने स्तर से झारखंड ओलंपिक संघ के तमाम पदाधिकारी से इस संदर्भ में अपना विचार रखेंगे और इसे निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, प्रशिक्षक शिवकुमार, प्रदीप तिर्की, रामप्रसाद, शमी सिंह, विक्की शर्मा, कुणाल कुशवाहा सहित सभी कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित होकर श्री झा को सम्मानित किया।

### आर्सेनल 16 साल बाद चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

# रियल मैड्रिड को 5-1 के एग्रीगेट स्कोर से हराया

एजेंसी

**मैड्रिड।** इंग्लिश क्लब आर्सेनल ने चैंपियंस लीग 2024-25 सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टरफाइनल में 5-1 के एग्रीगेट स्कोर से मात दी। बुधवार रात हुए दूसरे लेग के मुकाबले में आर्सेनल ने 2-1 से जीत दर्ज कर 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से होगा।

आर्सेनल ने पिछले हफ्ते लंदन में खेले गए पहले लेग में 3-0 की बड़ी जीत दर्ज की थी, जिसका फायदा उन्हें मैड्रिड में मिला। मैच की शुरूआत से ही आर्सेनल ने



रक्षात्मक रणनीति अपनाई और रियल मैड्रिड के आक्रामक खेल को ज्यादा मौके नहीं दिए।

पहले हाफ में आर्सेनल को पेनल्टी का मौका मिला जब वीएआर की मदद से रियल के राउल असेंसियो द्वारा मिकेल मेरिनो को खींचने का मामला पकड़ में आया। हालांकि, साका का पेनल्टी किक थिबो कोर्टुआ ने रोक लिया। इस चूक के बाद साका ने दूसरे हाफ में 65वें मिनट में शानदार वापसी की और टीम के लिए पहला गोल दागा। साका के गोल के दो मिनट बाद ही विलियम सलीबा की गलती का फायदा उठाते हुए विनीसियस जूनियर ने बराबरी का गोल कर रियल को थोड़ी उम्मीद दी। लेकिन, स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे के चोटिल होकर मैदान छोड़ने से रियल मैड्रिड की मुश्किलें और बढ़ गईं।

मैच के इंजरी टाइम में गेब्रियल मार्टिनेली ने आर्सेनल के लिए दूसरा और निर्णायक गोल कर रियल मैड्रिड की वापसी की उम्मीदें पूरी तरह खत्म कर दीं। पिछले सीजन में चैंपियंस लीग और ला लीगा डबल जीतने वाली रियल मैड्रिड इस बार अपनी लय में नहीं दिखी। पहले लेग में 3-0 की हार के बाद टीम मैड्रिड में भी ज्यादा कुछ नहीं कर पाई। स्टार स्ट्राइकर एम्बाप्पे भी पूरी तरह लय में नहीं दिखे और आखिरी मिनटों में चोटिल होकर बाहर हो गए।

आर्सेनल ने अब तक चैंपियंस लीग इतिहास में सिर्फ तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। पिछली बार 2009 में टीम इस मुकाम पर पहुंची थी। अब उनका सामना पेरिस सेंट जर्मेन से होगा, जो इस सीजन में भी दमदार लय में है।



जर्मनी में डब्लयूटीए 500 टेनिस टूनार्मेंट में रुस की मिरा एंड्रीवा खेलती हुई।



# मुंबई पुलिस की खास पहल का चेहरे बने आयुष्मान

अभिनेता आयुष्मान खुराना की गिनती इंडस्ट्री के बड़े सितारों में होती है। गुरुवार को आयुष्मान ने एक खास वजह से फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, उन्होंने मुंबई पुलिस के साथ हाथ मिलाकर साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता फैलाने का बीड़ा उठाया है।

### मुंबई पुलिस के साथ आयुष्मान की खास पहल

आयुष्मान मुंबई पुलिस की नई साइबर सिक्योरिटी को लेकर की गई पहल का चेहरा बने हैं। इस अभियान का मकसद आम लोगों, खासकर कमजोर तबके को साइबर अपराधियों के चालाक तरीकों के बारे में जागरूक करना है। ये अपराधी मासूम लोगों को ठगने और उनके साथ धोखा करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। इस पहल के तहत रिलीज हुए एक वीडियो में आयुष्मान ने ऑनलाइन सावधानी बरतने और ठगी से बचने के आसान टिप्स साझा किए। मौजूदा समय में ज्यादातर शिकार ऐसे लोग बनते हैं, जो इन अपराधियों की चालबाजियों से अनजान होते हैं। मुंबई पुलिस और आयुष्मान का मानना है कि इस वीडियो से लोग डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी जानकारी और हौसला पा सकेंगे।

### साइबर सुरक्षा पर आयुष्मान ने कही ये बात

इस अभियान के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा, आज के समय में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है। ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी इतनी बढ़ गई है कि हमें जागरूक और सतर्क रहना ही होगा। मुंबई पुलिस के साथ मिलकर काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। पुलिस हमेशा शहर के लोगों की सुरक्षा के लिए आगे रहती है और अब ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा दे रही है। यह अभियान और पुलिस की नई हेल्पलाइन लोगों को साइबर अपराधों से बचाने और संभावित ठगी से सावधान रहने का शानदार प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि किसी भी धोखे में फंसने से पहले दो बार सोचना जरूरी है। फिल्मों की बात करें तो आयुष्मान इन दिनों रश्मिका मंदाना के साथ हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह सारा अली खान के साथ एक स्पाई फिल्म पर भी काम कर रहे हैं, जिसका टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है।



# लोग शाहरुख खान के बाद मुझे ही बेस्ट प्रमोटर बताते हैं, उर्वशी ने शाहरुख से की अपनी तुलना

उर्वशी रौतेला खबरों में रहना बखूबी जानती हैं। दिलचस्प बात यह है कि वे अपने काम और अभिनय की बजाय अपने बयानों को लेकर ज्यादा चर्चा बटोरती हैं। हाल ही में एक बार फिर कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। उर्वशी ने हाल ही में अपनी तुलना बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान से कर दी। साथ ही यह भी कह दिया कि ऐसा लोग कहते हैं। उनकी इस टिप्पणी पर नेटिजन्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही हैं। उर्वशी रौतेला का एक इंटरव्यू रेडिट पर वायरल हो रहा है। हाल ही में इह्न1इ्ढ के साथ बातचीत में उर्वशी ने खुद को बेस्ट प्रमोटर बताया। दरअसल, उनसे पूछा गया कि लोग उन्हें आत्ममुग्ध कहते हैं। इस पर उनका क्या कहना है? उर्वशी ने जवाब दिया, मैं अपने काम में पूरी तरह से डूबी हुई हूं। अगर लोग ऐसा कह रहे हैं, तो वे यह भी कहते हैं कि शाहरुख खान के बाद उर्वशी रौतेला बेस्ट प्रमोटर हैं।

### डाकू महाराज के कलेक्शन पर फिर की बात

इतना ही नहीं उर्वशी ने एक बार फिर फिल्म डाकू महाराज के बॉक्स ऑफिस पर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म डाकू महाराज साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। इसे आईएमडीबी पर नंबर वन का स्टार मिला। मालूम हो कि सैफ अली खान पर हुए चाकू से हमले की घटना के दौरान उर्वशी से जब इस मामले में पूछा गया था तो वे इस घटना पर बात करने की बजाय डाकू महाराज का कलेक्शन बता रही थीं। इस पर उर्वशी का काफी मजाक बनाया गया था। अब एक बार फिर उर्वशी को ट्रोल किया जा रहा है।

### नेटिजन्स ने उड़ाया मजाक

उर्वशी के रेडिट पर वायरल इस वीडियो पर यूजर्स उन्हें लेकर कह रहे हैं कि वे अंटेशन पाना बखूबी जानती हैं। उन्हें मालूम है कि वे अपने कमेंट्स से खबरों में रह सकती हैं और एक बार फिर ऐसा कर दिखाया है। एक यूजर ने लिखा, उर्वशी ने ट्रोल होने के लिए ऐसा किया है। उन्हें पता है कि इसी तरह बातचीत हो सकती है। एक यूजर ने लिखा, उर्वशी जानबूझकर रणनीति के तहत ऐसी बातें कहती हैं, जिससे खबरों में छाई रहें। लेकिन, अच्छी बात ये है कि वो कोई गलत मैसेज तो नहीं दे रहीं।



# 32 साल बाद शाहरुख के साथ काम करना चाहते हैं सनी देओल



सनी देओल की एक्शन से भरपूर फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के प्रमोशन में जोर-शोर से जुटे सनी देओल ने इंडस्ट्री के एक एक्टर के साथ फिर से काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने उस एक्टर का नाम लिया है, जिसके साथ करीब 16 साल तक उन्होंने बात तक नहीं की थी। मगर, अब वे एक और फिल्म उनके साथ करना चाहते हैं और वो एक्टर कोई और नहीं, शाहरुख खान हैं।

### 16 साल तक रही थी अनबन

शाहरुख खान और सनी देओल ने फिल्म डर में साथ काम किया। साल 1993 में आई इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दोनों के बीच अनबन हो गई थी और यह अनबन ऐसी रही कि 16 साल तक दोनों ने एक-दूसरे से बात तक नहीं की। हालांकि, अब इनके बीच सबकुछ नॉर्मल हो चुका है। यहां तक कि सनी देओल ने हाल ही में शाहरुख खान के साथ फिर से काम करने की इच्छा जताई है। उन्होंने पिंकविला के साथ एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया है।

### एक और फिल्म कर सकते हैं

दरअसल, बातचीत में सनी देओल से पूछा गया कि वे दो हीरो वाली फिल्म में किस अभिनेता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना चाहेंगे? इस पर सनी देओल ने बेझिझक होकर कहा, ऐसे फैसला करना किसके साथ करूंगा नहीं...मेरा मतलब है, मुझे यह करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि जो कोई भी...शाहरुख के साथ एक ही फिल्म की थी। तो एक और कर सकते हैं। सनी देओल ने बीते समय को याद करते हुए कहा, यह अच्छा होगा क्योंकि वह एक अलग दौर था और अब यह एक अलग दौर है, इसलिए निश्चित रूप से यह अच्छा होगा।

### क्यों हुई थी अनबन?

फिल्म डर के क्लाइमेक्स में शाहरुख खान और सनी देओल के बीच लड़ाई होती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान सनी देओल ने कहा था कि शाहरुख उन पर सामने से हमला नहीं कर सकते, क्योंकि फिल्म में वे एक ट्रेंड नेवी ऑफिसर हैं। इस पर शाहरुख खान ने कहा था, मैं शक्ति कपूर, प्रेम चोपड़ा या गुलशन ग्रोवर नहीं हूं जो पीछे से हमला करूंगा। इसी बात पर दोनों के बीच नाराजगी बढ़ गई और करीब 16 साल तक रही। बता दें कि फिल्म डर को हाल ही में री-रिलीज किया गया। हालांकि, इस बार यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास नहीं चली।



# फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर

टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए।

अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए। उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था। वह पांव की जूती जैसे म्यूजिक वीडियो में भी नजर आई। इसके अलावा, उन्होंने गौहर खान के साथ शो लवली लोला में भी काम किया। क्या उन्हें अपने से पूरी तरह अलग किरदार निभाना ज्यादा मुश्किल लगता है या ऐसा किरदार जो उनके व्यक्तित्व से मिलता-जुलता हो? इसके जवाब में ईशा ने कहा, यह मुझे एक अलग तरह की खुशी देता है और मेरे आत्मविश्वास को बहुत बढ़ाता है। इससे मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक बहुमुखी अभिनेत्री हूं, जो किसी भी तरह का किरदार निभा सकती हूं।

ईमानदारी से कहूं तो किसी भी किरदार को निभाते समय मुझे कभी कोई हिचकिचाहट नहीं हुई, यह मेरे दिमाग में कभी नहीं आया। एक्ट्रेस ने अपनी कमजोरी के बारे में बात की और कहा, मेरी कमजोरी निश्चित रूप से ढेर सारी मिठाइयां खाना है। हालांकि, मुझे शायद ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि मुझे अपनी फिटनेस का ध्यान रखना पड़ता है, लेकिन कभी-कभार ऐसा करना ठीक है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उनकी जिंदगी पर फिल्म बने, तो उसका नाम क्या होगा। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, अगर मेरी जिंदगी पर कोई फिल्म बनी, तो उसका नाम जरूर 'ये लड़की पागल है' होगा।

# सैफ अली खान ने खरीदे ब्लैक रिवर के राइट्स

डायरेक्टर हंसल मेहता और एक्टर सैफ अली खान जल्द ही एक थ्रिलर फिल्म में साथ नजर आएंगे। ये फिल्म नीलांजना एस रॉय के चर्चित नावेल ब्लैक रिवर पर बेस्ड होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक... इस मर्डर मिस्ट्री की एडेप्टेशन राइट्स खुद सैफ ने हासिल की हैं। वह इस फिल्म में एक्टिंग करेंगे और हंसल मेहता की प्रोडक्शन कंपनी स्टोरी फिल्म्स के के साथ साथ इसे को-प्रोड्यूस भी करेंगे। फिल्म की स्क्रिप्ट पर फिलहाल काम चल रहा है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 के मिड तक शुरू होने की उम्मीद है। तब तक सैफ और हंसल अपने बाकी कमिटमेंट्स पूरे कर लेंगे। ब्लैक रिवर एक छोटे से गांव की कहानी है, जो दिल्ली के आउटर इलाके में है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 के मिड तक शुरू होने की उम्मीद है।





# खुशकिस्मत हूं कि अच्छे डायरेक्टर से घिरा हूं

**श्रद्धा कपूर अभिनीत स्त्री 2 और विक्की कौशल की छावा जैसी दो बैक टू बैक ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले दिनेश विजन इन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटे हैं। फिल्म का नाम है, भूल चूक माफ। दिनेश विजन के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही यह फिल्म मई में रिलीज होगी। हाल ही में दिनेश विजन ने सिनेमा के कई पहलुओं पर बात की। साथ ही बताया कि हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन क्यों कर रही हैं?**

### क्यों नहीं चल रहीं हिंदी फिल्में?

न्यूज एजेंसी के मुताबिक निर्माता दिनेश विजन का मानना है कि दर्शक उन कहानियों से जुड़ रहे हैं, जो नए भारत के बारे में हैं। फिल्म निर्माता से पूछा गया कि हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में खराब प्रदर्शन क्यों कर रही हैं? साथ ही पूछा गया कि ऐसा क्या है जो वह दूसरों से अलग करते हैं।

इस पर निर्माता ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकता कि मैं क्या कर रहा हूं और दूसरे क्या नहीं कर रहे हैं, क्योंकि मैं भी वही कर रहा हूं। हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि अभी हम महत्त्वाकांक्षी नहीं हैं। हम जिस तरह से सोचते हैं, उसमें हम भारतीय हैं और आम आदमी हमारे बारे में कहानियां पसंद करता है। ऐसी कहानियां चाहता है।

### आसपास के लोग मायने रखते हैं


दिनेश विजन ने आगे कहा कि हमारे आसपास कैसे लोग हैं, यह भी महत्वपूर्ण हैस क्योंकि उससे आपके फैसलों पर भी असर दिखाई देता है। निर्माता ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे राइटर-डायरेक्टर जमीन से जुड़े हुए और वास्तविक लोग हैं। सभी नए भारत से जुड़े हुए हैं। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हम कौन हैं और नए भारत को इस बात पर गर्व है कि वे कौन हैं? निर्माता ने फिल्म भूल चूक माफ के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर यह कहा।

### यहां कहानियों का खजाना है

दिनेश विजन का कहना है, इंडस्ट्री में करने के लिए काफी कुछ है। यहां स्टोरीज का खजाना है। दिनेश विजन ने आगे कहा कि वे खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें करण शर्मा, लक्ष्मण उतेकर और अमर कौशिक जैसे सही कहानीकार मिले, जिन्हें भारत की कहानियां सुनाने में गर्व महसूस होता है। बात करें उनकी आगामी फिल्म भूल चूक माफ की तो ये 09 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें राजकुमार राव और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं।

# रोमांचम की हिंदी रीमेक फिल्म है कपकपी, 23 मई को होगी रिलीज

यस तलपदे अपनी आने वाली श्रेयस तलपद अपनी आने वाली काफी समय से चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। यह फिल्म हॉरर और कॉमेडी का मिक्स कॉम्बिनेशन होगी। गोलमाल 3 और गोलमाल रिटर्न्स के बाद, यह श्रेयस और तुषार का एक साथ तीसरा प्रोजेक्ट है। अब, कपकपी की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म 23 मई को रिलीज होगी। इसका नया पोस्टर भी जारी किया गया है। फिल्म का निर्देशन संगीत सिवन ने किया है, जबकि जयेश पटेल इसके निर्माता हैं। दिवंगत संगीत द्वारा निर्देशित यह फिल्म उनके आखिरी प्रोजेक्ट में से एक है। निर्देशक का निधन मई 2024 में हो गया था। ये फिल्म जीतू माधवन द्वारा निर्देशित 2023 की मलयालम फिल्म रोमांचम की हिंदी रीमेक है। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और ब्रावो एंटरटेनमेंट ने किया है।



# ... यूं धूमधाम से मनाया नोएडा का 50वां स्थापना दिवस









## कम्यूनिटी किचन पर भोजन वितरण

यह रसोई पिछले एक वर्ष से मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री लोकेश एम. के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। आज स्थापना दिवस के अवसर पर सेक्टर-49 स्थित लेबर चौक स्थित कम्यूनिटी किचन पर उन्होंने स्वयं जाकर इसकी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया एवं भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर कम्यूनिटी किचन के संचालन हेतु सी0एस0आर फण्ड से रू 47 लाख तथा प्राधिकरण के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा प्रदान किये गए रू 7.10 लाख को मिलाकर कुल रु 54 लाख का योगदान दिया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के साथ कार्यक्रम स्थल पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**नोएडा ( चेतना मंच )।**
49 वर्ष गुजारने के बाद नोएडा 50वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस अवसर पर कल 17 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण ने धूमधाम से कई कार्यक्रम आयोजित किए।

जहां सुबह सेक्टर-24 में 7वें वाटर एटीएम का शुभारंभ किया। वहीं हवन-पूजन के बाद सेक्टर-49 कम्युनिटी किचन में मजदूरों को खाना खिलाया गया। इस दौरान सीईओ ने कम्युनिटी किचेन को 59 लाख का चेक प्रदान किया। इसके बाद सेक्टर-6 में केक काटा गया तथा क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राधिकरण ने इस मौके पर 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने का निर्णय लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को खिलौनों का वितरण

ग्राम निठारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम. द्वारा आँगनबाड़ी केंद्र के लिए एवं प्रत्येक बच्चे के लिए चॉकलेट, फुटबॉल, मिल्टन वाटर बॉटल, मिल्टन लंच बॉक्स, स्टोरी बुक्स, एटलस आदि वितरित किये है। इसके अतिरिक्त हरोला, झुंडपुरा, छलेरा, बरौला, छिजारसी, नगला चरनदास, याकूबपुर, हाजीपुर एवं भंगेल स्थित 10 आंगनबाड़ी केंद्रों में भी बच्चों को प्राधिकरण द्वारा खिलौने वितरित किए गए। यह पहल 'खुशहाल बचपन उज्ज्वल भविष्य' की सोच को आगे बढ़ाने का एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रयास है।

---

# बाराही मेले में लोक संस्कृति, रागनी तथा रंगारंग नृत्य ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर के प्राचीन ऐतिहासिक बाराही मेले के सातवें दिन लोक



संस्कृति की सजीव झलक के साथ जनभावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अनुपम संगम देखने को मिला। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पौराणिक व देशभक्ति रचनाएँ, रंगारंग नृत्य और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने मेले को यादगार बना दिया।

बाराही मेले के संस्कृति मंच पर सुरेंद्र भाटी एंड पार्टी के कलाकारों बलराम बैंसला, सुषमा चौधरी, पूजा शर्मा धनुवास, लेखराज शर्मा, सत्यम शर्मा, सुरेंद्र ततारपुर, रेनू चौधरी और अन्नु चौधरी ने महाभारत के प्रसंग, भगत सिंह की वीरगाथा और सामाजिक संदेशों से भरी रागनियों की प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य प्रस्तुति में अन्नु चौधरी और रेनू चौधरी की जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष, कांग्रेस गौतमबुद्धनगर दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि बाराही मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत की गौरवशाली मिसाल है। ऐसे आयोजन समाज में समरसता और संस्कृति के संरक्षण का कार्य करते हैं। मुकेश शर्मा ने अपने संबोधन में समिति को बधाई देते हुए कहा कि यह मंच ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए संजीवनी समान है।

प्रमेन्द्र भाटी अध्यक्ष दीवानी एवं फौजदारी





बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर ने मंच से अपने विचार रखते हुए कहा कि बाराही मेला सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का महोत्सव है।

इस अवसर पर शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महामंत्री ओमवीर बैसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र ठेकेदार और दीपक भाटी एडवोकेट, धर्मवीर तंवर, महाराज सिंह उर्फ पप्पू, हरिकिशन, ब्रह्म सिंह नागर, अज्जू भाटी, अनिल कपासिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों और कलाकारों का स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया।

शिव मंदिर सेवा समिति के महामंत्री ओमवीर बैसला ने बताया कि मेले में राजबाला सपेरा एंड पार्टी की राजस्थानी लोक नृत्य व गायन की प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण बनी हुई हैं। जितेंद्र बंचारी नगाड़ा पार्टी पलवल के कलाकार राहुल हारमोनियम पर, अजय और तरुण नगाड़ा व जसवीर, मोहित कुमार, मोहित सिंह झांझ.मंजीरा तथा सुमित की नृत्य की प्रस्तुतियाँ भी जोश और उत्साह से भरपूर रहीं।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि आज रात्रि को रोहतास दायमा एंड पार्टी द्वारा रागनियों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

# पात्र महिलाओं को मिले योजनाओं का लाभ : डॉ. मीनाक्षी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. मीनाक्षी भराला ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर पुलिस आयुक्त महिला, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी आशीष कुमार, जिला आबकारी अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।




सदस्य ने महिला जनसुनवाई करते हुए जनसुनवाई में आई पीड़ित महिलाओं की समस्या को बहुत ही सहजता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी महिला उत्पीड़न के प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका निस्तारण पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें एवं उसकी रिपोर्ट आयोग को भी प्रेषित करें। जनसुनवाई के दौरान 19 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 12 मामलों का अधिकारियों के माध्यम से तत्काल निराकरण कराया गया।

महिला जनसुनवाई करने के उपरांत सदस्य ने जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा एवं कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बादलपुर गौतमबुद्धनगर का स्थलीय निरीक्षण किया।

कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बादलपुर छात्रावास निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य द्वारा सदस्य को समस्याओं से अवगत कराया गया।

---

# अधिवक्ताओं ने जिला जज को दी भावभीनी विदाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में स्थित जिला न्यायालय में जनपद दीवानी एवं फौजदारी एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर ने गुरूवार को बार सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने जिला जज अवनीश सक्सैना के उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायामूर्ति पदोन्नत होने पर उन्हें पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट पर अपनी शुभकामनाएं और बधाई दीं। इस अवसर पर बार एसोसिएशन ने अन्य जनपदों से स्थानांतरित होकर आए न्यायिक अधिकारियों का भी पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिंन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट ने की और संचालन सचिव अजित नागर एडवोकेट के द्वारा किया गया।




बता दें कि अवनीश सक्सैना जिले में बीते तीन वर्षों से जिला जज के पद पर तैनात थे। जिन्हें हाल ही में पदोन्नत कर उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायामूर्ति बनाया गया है।

इस अवसर पर निवर्तमान जिला जज अवनीश सक्सैना ने अधिवक्ताओं को संबोधित किया और भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि ये पल मेरे लिए बहुत ही भावुक हैं। वर्ष 2008 में न्यायिक अधिकारी बनने से पूर्व मैंने भी आप सभी की तरह अधिवक्ता बनकर कार्य किया था। कार्य को सर्वोपरी रखना उसी दिन से मेरा पहला सिद्धांत रहा है। इस दौरान उन्होंने बार और बैंच के बीच सामंजस्य बैठाने वाली की चुनौतियों का भी जिक्र किया और उसपर अपने सुझाव भी दिए।

# 'आप' के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने गौतम अवाना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** 'आप' युथ विंग प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना पर गौरव गौतम के नेतृत्व में गौरव गौतम व सैकड़ों नौजवानों को राज्यसभा सांसद संजय सिंह के हाथों शामिल कराया साथ ही गोतम बुद्ध नगर युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

'आप' यूथ विंग जिलाध्यक्ष गोरव गोतम ने राष्टीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल सहित राष्टीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की विचार धारा कों पूरे गौतमबुद्धनगर के एक-एक गली मोहल्ले में पहुंचाएंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश अवाना, युवा नेता गुड्डू यादव,युवा नेता धीरज सोनी,आदि सिंह, सुमित,तुषार यादव,आर्य सिंह,रितेश,सागर मिलिंद,शिवम् जेवर,रोहित चौधरी उज्वल डेढ़ा, आदित्य यादव सहित सैकड़ों की संख्या में आम आदमी में शामिल हुए।